4. Karnataka contributes 53 per cent of the water whereas the contribution of water by Tamil Nadu is 30 per cent.

5. Tamil Nadu has developed 28.2 lakh acres of land to be irrigated by Cauvery whereas Karnataka has developed only 6.8 lakh acres, and 6. from the beginning, Tamil Nadu is unauthorisedly bringing more and more lands under irrigation using Cauvery water whereas Karnataka is prevented to developed lands beyond 6.8 acres.

A large number of Inter-State meetings were held under the guidence of the Central Government. No progress is made to come to an agreed solution.

I make a strong appeal to the Central Government to take a bold decision to settle this important issue, in a just and equitable manner, if need be, by appointing an expert Committee.

I also suggest that Parliamentary Legislation may be passed to settle all Inter-State Water Disputes including the Cauvery dispute.

(iii) DEMAND FOR PROVIDING DAILY SERVICE OF MADUDHAR EXPRESS BETWEEN JODHPUR, AND JAIPUR.

श्री वृद्धि चन्द्र जैन (बाड़मेर) : उपाध्यक्ष महोदय, जोधपुर से जयपुर एवं जयपुर से जोधपुर मरुधर एक्सप्रेस के चलने से जोधपुर डिवीजन का अधिकांश जनता को बड़ा लाभ हुआ और उनका आवश्यक मांग का पूर्ति हुई ।

यह मरुधर एक्सप्रेस राजस्थान प्रान्त की राजधानी जयपुर से जोधपुर डिवीजन के मुख्यालय जोधपुर का सब से कम समय में पहुंचाने की महत्वपूर्ण रेलगाड़ी है ।

उक्त एक्सप्रेस हर बुधवार का एक ही रेल होने के कारण रेल की मरम्मत एवं सफाई के लिए बन्द रहती है, जिसके कारण उस दिन मरुधर एक्सप्रेस के न चलने से जनता को बड़े कष्ट का सामना करना पड़ता है ।

उक्त एक्सप्रेस डीजल इंजन के द्वारा न चलने से एक घण्टा समय अधिक लगता है और पर्याप्त कोच न लगने के कारण यात्रियों का निराश हो कर लौटना पड़ता है या ठसाठस भीड़ में यात्रा कर बहुत कष्ट उठाना पड़ता है ।

बीकानेर डिवीजन में इससे भी कम महत्वपूर्ण रेलगाड़ियां डीजल द्वारा चलती हैं तब भी इस महत्वपूर्ण एक्सप्रेस की डीजल द्वारा नहीं चलाए जाने से जोधपुर डिवीजन की जनता की घोर उपेक्षा की जा रही है ।

अतः रेलवे मंत्री जी का ध्यान आकर्षित किया जाता है कि मरुधर एक्सप्रेस हर रोज डीजल द्वारा चलाए जाने का तुरंत आदेश दे कर जोधपुर डिवीजन की जनता की आवश्यक मांग की पूर्ति की जाए ।

(iv) NEED FOR TAKING IMMEDIATE STEPS TO CHECK SMUGGLING OF ANIMALS AND OTHER VALUABLES ACROSS THE INDIA-PAKISTAN BORDER IN RAJASTHAN.

श्री अशोक गहलौत (जोधपुर) : राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर, जिले से पाकिस्तान को लगने वाली सीमा पर तस्करी का माल लाने ले जाने का सिलसिला जोरों पर है । धन कमाने के लालच में सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाले कुछ लोग तो लम्बे अरसे से इस धंधे में लिप्त हैं हीं साथ में अभी ऐसी स्थिति बन रही है कि ये असामाजिक तत्व अकाल की विभीषिका का लाभ उठा कर सीमावर्ती क्षेत्र के भोले भाले मजबूर ग्रामीणों को भी इस धंधे में सम्मिलित करने लगे हैं ।

साधारणतया इस सीमा द्वारा पाकिस्तान से भारी मात्रा में विदेशी सोना, टेप